ग्रीन शाहजहाँपुर
क्लीन शाहजहाँपुर

# नगर निगम, शाहजहाँपुर।

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

स्वच्छ शाहजहाँपुर
सुन्दर शाहजहाँपुर

## प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 29.11.2020

- **स्वच्छता सर्वेक्षण–2021 आगाज के बाद नगर आयुक्त महोदय श्री संतोष कुमार शर्मा द्वारा कूड़ा निस्तारण हेतु ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन तथा "मेरा कूड़ा मेरी जिम्मदारी" के अन्तर्गत नगर के रायफल क्लब में चलाया गया जागरूकता अभियान।**

स्वच्छता सर्वेक्षण–2021 आगाज के बाद नगर आयुक्त महोदय श्री संतोष कुमार शर्मा द्वारा कूड़ा निस्तारण हेतु ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन तथा मेरा कूड़ा मेरी ज़िम्मदारी के अन्तर्गत नगर के विभिन्न क्षेत्रों में मोहल्ला जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत आज नगर के रायफल क्लब शाहजहाँपुर में मोहल्ला जागरूकता अभियान का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि जिलाधिकारी महोदय श्री इन्द्र विक्रम सिंह विशिष्ट अतिथि मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती प्रेरणा शर्मा जी उपस्थिति में कार्यक्रम को सफल बनाया गया। जिलाधिकारी महोदय द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारीगण,संभ्रान्त व्यक्तियो,कर्मचारियो एवं नगर वासियो से घर का कूड़ा घर में ही इकट्ठा करने,गीला और सूखा कूडा अलग–अलग रखने पर नगर निगम की गाड़ी आने पर उसमें डिब्बो मे कूड़ा डालने हेतु अपील की गई। नगर आयुक्त महोदय श्री संतोष कुमार शर्मा जी द्वारा समस्त नगर वासियो से नगर को साफ एवं स्वच्छ रखने हेतु साफ–सफाई में सहयोग प्रदान करने की अपील की गई। आफीसर्स हरित कचरा निस्तारण यंत्र भी अधिकारी के घरो में लगवाया गया। जिसमें गीले कचरे से घरो में खाद् बनती है। जिला जज महोदय के सरंक्षण में व जिलाधिकारी/प्रशासक महोदय की अध्यक्षता में आफीसर्स कालोनी में एक मोहल्ला समिति बनायी गयी, जिसमें प्रमुख अधिकारी अपर जिलाधिकारी, अपर जिला ज़ज,नगर मजिस्ट्रेट और ट्रेजरी आफीसर्स जिनका काम यह देखना होगा कि आफीसर्स कालोनी के प्रत्येक घर से कूड़ा पृथक–पृथक (गीला तथा सूखा कचरा) रखा जाये और गीले कचरे से कम्पोस्ट बनाया जाये एवं सूखे कचरे को रिसाईलिंग के लिये दे दिया जाये। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी/प्रशासक महोदय द्वारा यह भी घोषणा की गई कि उक्त सीमित का कार्य यह भी चेक करना होगा कि आफीसर्स कालोनी मे घरो मे सबसे साफ आवास कौन सा है स्वच्छ आवास में निवास करने वाले को पुरस्कृत व गन्दे अव्यस्थित आवास में निवास करने वाले पर जुर्माने का भी प्रावधान किया गया है। जिसकी वसूी कालोनी की समिति करेगी। इसके साथ ही आफीसर्स कालोनी के प्रत्येक घर से डोर–टू–डोर कूड़ा कलेक्शन के लिये यूजर चार्जेस भी लिया जायेगा और आफीसर्स कालोनी को जीरो वेस्ट कालोनी बनाने की दिशा में प्रथम प्रयास किया गया है। कार्यक्रम में लोकभारती की टीम द्वारा सूखे एवं गीले कूड़े को पृथक करने की विधि बताई गई। स्वच्छ भारत मिशन के अर्न्तगत नगर को साफ– एवं स्वच्छ रखने हेतु नुक्कड़ नाटक कर लोगो को स्वच्छता हेतु विकेन्द्रीकृत कूड़े के प्रबन्धन के लिये बताया गया। इस कार्यक्रम में जिला जज एवं अन्य न्यायिक अधिकारियो के साथ–साथ अपर जिलाधिकारी श्री रामसेवक द्विवेदी,अपर जिला जज, नगर मजिस्ट्रेट, श्री राजेश कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी श्री एस0पी0 गौतम अपर नगर आयुक्त श्री एस0के0सिंह, उप नगर आयुक्त श्री आशुतोष कुमार दुबे, सहायक नगर आयुक्त श्रीमती रश्मि भारती एवं श्री अंगद गुप्ता, महाप्रबन्धक (जल) श्री वी0एन0 द्विवेदी,नगर स्वास्थ्य अधिकारी श्री ओ0पी गौतम व लोकभारती शाहजहाँपुर की टीम स्वच्छता प्रभारी श्रीमती अल्पना श्रीवास्तव एवं आफीसर्स कालोनी एवं डी0एम0कम्पाउन्ड प्रशासिनक अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण, महिलाये व संभ्रान्त व्यक्ति उपस्थित रहे।

उप नगर आयुक्त
नगर निगम,शाहजहाँपुर।

Scanned with CamScanner